## एक नजर.......

### ठंडे बस्ते में गया सलमान खान का पुलिसवाला शो!

बॉलिवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपने पुराने शो दस का दम के साथ 4 जून से बतौर एंकर टीवी स्क्रीन पर वापसी करने वाले हैं, लेकिन प्रड्यूसर के तौर पर छोटे परदे पर उनका डेब्यू बार-बार अटक जा रहा है। खबर है कि गामा पहलवान के बाद अब सलमान का मुंबई पुलिस की जिंदगी पर आधारित टीवी शो भी अनिश्चित काल के लिए आगे खिसक चुका है।



दरअसल, पिछले दिनों यह खबर बहुत जोर-शोर से चल रही थी कि सलमान मुंबई पुलिस की जिंदगी पर एक शो प्रड्यूस करने वाले हैं, जो सोनी टीवी पर इसी महीने के आखिर से प्रसारित किया जाएगा। इस शो का वर्किंग टाइटल पार्टनर्स बताया जा रहा था। शो में मुख्य भूमिका में अभिनेता मुकुल देव और टीवी अभिनेत्री पूजा गौर के होने की खबरें थीं। वहीं, नैशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक महेश लिमये इसे निर्देशित करने वाले थे, जबकि लेखक के रूप में ब्लफ मास्टर और खाकी जैसी फिल्में लिखने वाले श्रीधर राघवन का नाम सामने आया था। सूत्रों के मुताबिक, सलमान के इस शो को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। सोनी टीवी के आगामी शोज की लिस्ट में सलमान के इस शो का कोई अता-पता नहीं है। चैनल पर आने वाले दिनों में दस का दम, जिंदगी के क्रॉसरोड्स, दिल ही तो है, कॉमिडी सर्कस, इंडियन आइडल 10 जैसे शोज दिखाई देंगे, जबकि सलमान के मुंबई पुलिस वाले शो के लिए दर्शकों को अभी लंबा (न जाने कितना) इंतजार करना पड़ेगा!

इससे पहले सलमान स्टार प्लस चैनल के लिए गामा पहलवान की जिंदगी पर टीवी शो प्रड्यूस करने वाले थे, जिसमें उनके भाई सोहेल खान के मुख्य भूमिका निभाने की खबरें थी, लेकिन यह शो भी केवल खबरों में ही रह गया, टीवी स्क्रीन तक नहीं पहुंच सका।

### फिल्म 'दबंग-3' के लिए सोनाक्षी ने घटाया 35 किलो वजन, सामने आया डिफरैंट लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा फिल्म 'दबंग-3' में नजर आएंगी जिसके लिए वह काफी कड़ी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने ट्रांसफॉर्मेशन की एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में वह अपने ऐब्स फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं।उन्होंने अब तक 35 किलो से भी ज्यादा वजन कम कर लिया है। सोनाक्षी रोजाना जिम जाती हैं और उन्होंने डाइट प्लान भी तैयार किया है।



खबरों के मुताबिक सोनाक्षी का डाइट प्लान कुछ ऐसा है-

ब्रेकफास्ट- दूध, गेहूं के टोस्ट
मिड मॉर्निंग- ड्राई फ्रूट्स, ग्रीन टी
लंच- रोटी, सब्जी और सलाद
ईवनिंग- फ्रूट्स और ग्रीन टी
डिनर- दाल तड़का, सब्जी, चिकन, फिश

बता दें कि सोनाक्षी फिल्म 'दबंग-3' में सलमान खान के साथ नजर आएंगी। इसकी जानकारी फिल्म के डायरेक्टर अरबाज खान और प्रोड्यूसर प्रभुदेवा ने दी। उन्होंने कहा कि सोनाक्षी ही सलमान के अपोजिट नजर आएंगी।

## सलमान ने ऐसे किया बॉबी देओल को रेस 3 में कास्ट

बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान, अनिल कपूर, बॉबी देओल, जैकलिन फर्नांडिस, साकिब सलीम, डेजी शाह जैसे सितारों से सजी फिल्म रेस 3 का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बॉबी देओल थोड़े इमोशनल हो गए और बताया कि काफी समय से वह एक अच्छी फिल्म के साथ बड़े परदे पर अपनी वापसी की तैयारी कर रहे थे। ऐसे समय में सलमान ने ऐंजल बनकर उन्हें रेस 3 जैसी बड़ी फिल्म में कास्ट करवा लिया।



सलमान ने पूछा, मामू शर्ट उतारेगा... मैंने कहा, मैं कुछ भी करूंगा

इमोशनल होते हुए बॉबी कहते हैं, अब क्या कहूं मैं, मामू (सलमान खान) मेरे ऐंजल हैं। इन्होने मुझ पर विश्वास किया और बिल्कुल सही समय पर मौका दिया, जब मैं भी अपने करियर पर फोकस कर रहा था। मैं खुद को यह सोचकर तैयार कर रहा था कि कभी भी काम मिल सकता है... एक दिन मामू (सलमान) ने मुझे फोन किया और पूछा कि मामू शर्ट उतारेगा। जवाब में मैंने कहा, मैं कुछ भी करूंगा। मैं आज बहुत खुश हूं। खुद को 3डी में देखना बहुत ही कमाल का अनुभव है। यह मेरा हमेशा से ही एक सपना रहा है कि मैं 3डी फिल्म का हिस्सा बनूं, आज सपना पूरा हो गया। अनिल कपूर के साथ पहली बार काम कर रहा हूं।

### भारतीय आर्मी अफसर के रोल में दिखेंगे विकी कौशल, उड़ी अटैक पर बन रही है फिल्म



फिल्म मसान से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाले ऐक्टर विकी कौशल ने अपनी ऐक्टिंग स्किल से दर्शकों को काफी इम्प्रेस प्रभावित किया है। हालिया रिलीज फिल्म राजी में उन्होंने पाकिस्तानी आर्मी अफसर का रोल प्ले किया और इसके लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई।

## अनु मलिक की बेटियों के डांस विडियोज सोशल मीडिया पर वायरल

बॉलिवुड इंडस्ट्री के स्टार किड्स अक्सर अपने फोटोज, विडियोज को लेकर सुर्खियों में रहते हें। शाहरुख खान की बेटी सुहाना से लेकर करीना कपूर के बेटे तैमूर तक, ये सभी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने रहते हैं।



अब इस कड़ी में संगीतकार और गायक अनु मलिक की बेटियों का भी नाम जुड़ गया है। अनु की दो बेटियां हैं, अदा मलिक और अनमोल मलिक। अदा सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और अब दोनों के विडियोज को यहां काफी पसंद किया जा रहा है।

अदा और अनमोल दोनों बेहतरीन डांसर हैं और इसका अंदाजा विडियोज में उनके डांस मूव्स को देखकर लगाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि अनु मलिक की बेटियां भी आने वाले दिनों में बॉलिवुड में एंट्री ले सकती है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनु इंडियन आइडल के 10वें सीजन में जज के रूप में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ नेहा कक्कड़ और विशाल ददलानी भी होंगे। कई बार शो को जज कर चुके अनु मलिक ने बीते दिनों इस बारे में कहा था, मैं शो में कमबैक को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं लंबे समय से इस शो से जुड़ा हूं और हर बार का अनुभव खास रहा है। इस प्लैटफॉर्म ने कई लोगों की जिंदगी बदली है और मैं इसका हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## मधुर भंडारकर की नैशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म चांदनी बार का बनेगा सीक्वल

डायरेक्टर मधुर भंडारकर अपनी नैशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म चांदनी बार का दूसरा पार्ट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। 17 साल पहले आई तब्बू स्टारर इस क्राइम-ड्रामा फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इसके दूसरे पार्ट को शैलेष आर सिंह प्रड्यूस करेंगे।




एक सूत्र के मुताबिक, 2005 के बाद डांस बार्स पर लगे बैन को लेकर मधुर ने काफी रिसर्च की है। फिल्म उसी समय और विषय पर आधारित है। उनके पास काफी मटीरियल तैयार है और कहानी पर काम की शुरुआत हो चुकी है। जैसे ही मधुर फाइनल ड्राफ्ट लॉक करेंगे, कास्टिंग प्रोसेस भी शुरू हो जाएगा। यह फिल्म साल के आखिर तक शुरू हो जाएगी।

खबर को कंफर्म करते हुए प्रड्यूसर शैलेष ने बताया, मैं मधुर के साथ एक बार फिर चांदनी बार 2 को प्रड्यूस करने को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैंने फिल्म के अधिकार प्राप्त कर लिए हैं। अब फिल्म के फ्लोर पर जाने का इंतजार है। बता दें, चांदनी बार के लिए तब्बू को बेस्ट ऐक्ट्रेस का नैशनल अवॉर्ड, अतुल कुलकर्णी को बेस्ट सपॉर्टिंग ऐक्टर का अवॉर्ड, अनन्या खरे को बेस्ट सपॉर्टिंग ऐक्ट्रेस का अवॉर्ड मिल चुका है।

## मैं और बिपाशा खुद को प्यार का ऐंबैसडर मानते हैं: करण

इन दिनों करण सिंह ग्रोवर अपनी फिल्म 3देव को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में करण विष्णु का मॉर्डन अवतार निभाते हुए नजर आने वाले हैं। करण मानते हैं कि बिपाशा से शादी के बाद उनकी जिंदगी में 360 डिग्री का बदलाव आया है। करण से उनके फिल्मी करियर और निजी जिंदगी पर हुई बातचीत के अंश :



सोशल साइट्स पर आपकी और बिपाशा के पोस्ट्स व तस्वीरें देखकर कई कपल प्रेरित होते हैं। शादी के बाद आपकी जिंदगी में कितना बदलाव आया है?

मेरी जिंदगी बहुत बदली है। मैं तो इसे अपना नया जीवन कहूंगा। सच्चे प्यार के क्या मायने होते हैं, यह अब जाकर पता चला। आपकी जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आता है जब आप चीजों से हार जाते हैं। सच्चे प्यार जैसी कोई चीज होती है, इस पर से भी आपका यकीन उठ जाता है, लेकिन फिर आपकी जिंदगी में कुछ ऐसा होता है, कि जब आपके सच्चे प्यार की तलाश खत्म होती है फिर ऐसा लगने लगता है कि चाहे कुछ भी हो, आप हार नहीं मानने वाले हैं।

## करण जौहर की अगली फिल्म में कार्तिक-जाह्नवी, सिद्धार्थ को लेकर डाउट!



बीते दिनों खबर आई थी कि करण जौहर के धर्मा प्रॉडक्शंस की आने वाली एक फिल्म में ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान को फाइनल किया गया है। इसमें उनके ऑपोजिट ऐक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा को कास्ट किए जाने की चर्चा थी।

रिपोर्ट्स की मानें तो सिद्धार्थ को लेकर करण को डाउट है कि वह स्क्रीन पर करीना के ऑपोजिट फिट बैठेंगे या नहीं। ऐसे में वह किसी ऐसे मेल सुपरस्टार को देख रहे हैं जो करीना के साथ फिट बैठे।

उधर, करण फिल्म के लिए एक और यंग कपल की तलाश कर रहे थे। कहा जा रहा है कि यह तलाश कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर के रूप में पूरी हो गई है। बता दें, फिल्म धड़क में डायरेक्टर शशांक खेतान को असिस्ट करने वाले राज मेहता को इस फिल्म से बड़ा ब्रेक मिल सकता है और वह फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना जल्द ही अपनी आने वाली फिल्म वीरे दी वेडिंग का प्रमोशन शुरू करेंगी। यह फिल्म 1 जून को रिलीज होगी। उधर, सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बायॉपिक में नजर आएंगे जो दिवंगत कैप्टन विक्रम बत्रा पर आधारित होगी। कैप्टन बत्रा ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपने जीवन का बलिदान कर दिया था।



### बॉलिवुड में असफल हुए तो बहुत जूते पड़ते हैं: अर्जुन रामपाल

पिछले 5 सालों में रॉय, रॉकऑन 2, कहानी 2 और डैडी जैसी असफल फिल्मों से घिरे बॉलिवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल कहते हैं कि बॉलिवुड और ग्लैमर की दुनिया में करियर बनाना आसान नहीं है। यहां सफल हुए तो खूब सराहना और तालियां मिलती हैं, लेकिन फेल होने पर उतने ही ज्यादा जूते भी पड़ते हैं।

## शब्द सामथर्य

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

मेष : उग्र स्वभाव पर संयम रखें। शारीरिक और मानसिक शिथिलता का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के बाद भी अल्प सफलता प्राप्त होगी। संतान के विषय में भी आपको चिंता सताएगी। व्यस्तता के चलते परिजनों पर कम ध्यान दे पाएंगे। उदर के रोग से पेट दुखने की आशंका है। प्रवास हो सके तो आज टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ : आज आपका मनोबल ऊंचा रहने के साथ ही आप आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों को रुचि रहेगी। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी। संतान के पीछे खर्च होगा।

मिथुन : नई परियोजना का प्रारंभ करने के लिए आज दिन शुभ है ऐसा गणेशजी कहते हैं। सरकार की ओर से लाभ होने की भी संभावना है। व्यावसायिक या व्यापारी क्षेत्र में आपको ऊपरी अधिकारियों का साथ प्राप्त होगा। वैचारिक रूप से आप में शीघ्र परिवर्तन आएंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी

कर्क : आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करने की गणेशजी सलाह देते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुःख और असंतोष की भावनाएं रहेगी। आंखो में पीड़ा होने की आशंका है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। धन का अधिक खर्च होगा।

सिंह : आज आत्मविश्वास की मात्रा आप में अधिक रहेगी ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी भी कार्य को करने के लिए निर्णय त्वरित लेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रतापूर्ण न करने की गणेशजी की सलाह है। क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। आरोग्य संभालिएगा।

कन्या : आज आपके अहम को कोइ चोट न पहुंचाए एवं आपका किसी से झगड़ा न हो जाए इसका ध्यान रखने की गणेशजी की सलाह है। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की मात्रा विशेष रहेगी। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है।

तुला : आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में हुए लाभ से आपको प्रसन्नता होगी। आय में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक : आज का दिन शुभफलदायी है। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर कार्य आज सफलतापूर्वक संपन्न होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

धनु : आज आप यात्रा-प्रवास स्थगित ही रखें। आज आपके शरीर में थकान रहेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहेगा। मन में चिंता और व्याकुलता रहेगी। संतान के विषय में चिंता होगी। व्यवसाय में बाधाएं उपस्थित होंगी। भाग्य साथ नहीं दे रहा ऐसा प्रतीत होगा। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद टालें।

मकर : आज अचानक धन खर्च का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है या फिर किसी सामाजिक कार्य के लिए भी हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें। नौकरी या व्यवसाय में अनुकूलता रहेगी।

कुंभ : गणेशजी कहते हैं कि प्रणय के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वासपूर्वक करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं हैं। अच्छा भोजन और नए वस्त्र परिधान प्राप्ति के प्रसंग उपस्थित होंगे। भागीदारी से लाभ होगा। वाहन सुख मिलेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी है ऐसा गणेशजी कहते हैं। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।